भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1100

(दिनांक 08.02.2023 को उत्तर के लिए)

विभिन्न विभागों/उद्यमों में रिक्त पद

1100. श्री हनुमान बेनीवाल:

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और उद्यमों में रिक्त पदों का श्रेणी-वार/वर्ग-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का उक्त रिक्त पदों को अतिशीघ्र भरने का विचार है और यदि हां, तो ऐसा कब तक किए जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क): व्यय विभाग की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 01.03.2021 की स्थिति के अनुसार केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में रिक्तियों की स्थिति का वर्गवार ब्यौरा इस प्रकार है:

समूह	रिक्त पदों की संख्या
क	23584
ख (राजपत्रित)	26282
ख (अराजपत्रित)	92525
ग	836936
कुल	**979327**

केवल केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के कर्मचारियों के संबंध में ही वर्गवार आंकड़ों का रख-रखाव केंद्रीय रूप से किया जाता है।

(ख) और (ग): रिक्त पदों पर भर्ती एक सतत प्रक्रिया है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों एवं उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में कर्मचारी की सेवानिवृत्ति, त्याग-पत्र, मृत्यु, पदोन्नति आदि के कारण रिक्तियाँ उत्पन्न होती हैं। इन रिक्तियों का रख-रखाव और भरा जाना संबंधित मंत्रालय द्वारा या तो प्रत्यक्ष रूप से संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा अथवा भर्ती अभिकरणों द्वारा किया जाता है।

देश भर में रोजगार मेला कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और नव नियुक्त कर्मियों को विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू)/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों आदि में शामिल किया जाता है। आशा है कि रोजगार मेला, आगे भी रोजगार और स्वरोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना जारी रखेगा और युवाओं को लाभकारी सेवा अवसर प्रदान करेगा।

****